हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 18 मार्च 2026

06 नगर पालिका की सीमा में वृद्धि सहित अन्य...



07 बृज के प्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मोहा मन...





## खबर संक्षेप

### अप्रैल में 3 स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे

**विदिशा।** स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा अप्रैल माह में 3 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 2 अप्रैल से 31 दिवसीय वूमेन टेलर प्रशिक्षण, 5 अप्रैल से 14 दिवसीय जूट प्रोडक्ट उद्यमी प्रशिक्षण तथा 10 से 30 अप्रैल तक आचार, पापड़ व मसाला निर्माण प्रशिक्षण संचालित होगा। जिला प्रबंधक एफसी महाली ने बताया कि इन कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को तकनीकी, पैकेजिंग और विपणन की जानकारी दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

### मंडी में बैठक, किसानों को दी अहम जानकारी

**विदिशा।** कृषि उपज मंडी समिति में एसडीएम क्षितिज शर्मा की अध्यक्षता में व्यापारियों, किसानों, हम्माल और तुलावट संघ प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में सरसों फसल हेतु संचालित भांवतर भुगतान योजना के निर्देशों की जानकारी दी गई। बताया गया कि पंजीयन 26 फरवरी से 20 मार्च तक तथा नीलामी 23 मार्च से 30 मई तक होगी। 1 से 22 मार्च के बीच विक्रय करने पर संबंधित मात्रा पात्रता से घटाई जाएगी। योजना के तहत भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से ही मान्य होगा, नगद भुगतान पर किसान अपात्र होंगे। पात्र किसानों को 15 दिवस में डीबीटी के जरिए राशि मिलेगी। रबी सीजन की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। 19, 20 मार्च को भी मंडी में नीलामी जारी रखने का निर्णय लिया

### चंदेरी में कला का उत्सव गोविंद को बेंद्रे पुरस्कार



**शमशाबाद।** चंदेरी में आयोजित तीन दिवसीय बैजू बावरा संगीत समारोह कला और संस्कृति का भव्य संगम बना। समारोह में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की मौजूदगी में प्रदेश के कलाकारों को सम्मानित किया गया। राज्य रूपांकर कला पुरस्कार एवं प्रदर्शनी-2026 में शमशाबाद के युवा कलाकार गोविंद विश्वकर्मा को उनकी कृति 'मृत्युंजय-1' के लिए नारायण श्रीधर बेंद्रे पुरस्कार मिला। उन्हें 51 हजार, शॉल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### जल गंगा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभागों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को जनआंदोलन बनाते हुए जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने तालाब, कुएं और बावड़ियों की साफ-सफाई एवं संरक्षण कार्य समयबद्ध रूप से पूरा करने पर जोर दिया। साथ ही वर्षा जल संचयन और जल स्तर बढ़ाने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

# ज्वालादेवी शक्ति पीठ में चैत्र नवरात्र की तैयारियां अंतिम चरण में, कल से होगा शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

दुर्गानगर स्थित अति प्राचीन ज्वाला देवी शक्ति पीठ पर चैत्र नवरात्रि को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।

मंदिर के महंत पं. रामेश्वर दयाल चतुर्वेदी ने बताया कि यह पर्व शक्ति, साधना और आस्था का अनुपम संगम है, जो पूरे नगर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करता है। महंतजी के अनुसार इस वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि 19 मार्च सुबह 6:52 बजे से प्रारंभ होकर 20 मार्च सुबह 4:52 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार नवरात्रि का शुभारंभ 19 मार्च से होगा तथा समापन 27 मार्च को रामनवमी के दिन किया जाएगा।

### मां दुर्गा की घटस्थापना के लिए यह है शुभ मुहूर्त

नवरात्रि के प्रथम दिन घटस्थापना का विशेष महत्व है। इस वर्ष प्रातः 6:52 बजे से 7:43 बजे तक शुभ मुहूर्त रहेगा। इसके अतिरिक्त अभिजीत मुहूर्त 12:05 बजे से 12:53 बजे तक भी कलश स्थापना की जा सकती है।

## मंदिर में 850 तेल और 111 घी की ज्योतियां तैयार



### 51 वर्षों से 8 अखंड ज्योतियां प्रज्वलित हैं

नवरात्रि के अवसर पर मंदिर में भव्य ज्योत दरबार सजाया जा रहा है। लगभग 850 तेल की ज्योतियां एवं 111 घी की ज्योतियां तैयार की गई हैं। विशेष बात यह है कि पिछले 51 वर्षों से 8 अखंड ज्योतियां निरंतर प्रज्वलित हो रही हैं। यहां देश-विदेश से भक्तजन अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु ज्योति प्रज्वलित कराते हैं।

### दुर्गा सप्तशती पाठ व पूजन की व्यवस्था

मंदिर में 5 कर्मकांडी ब्राह्मणों द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाएगा। पूजन कार्य पं. कुलदीप राजपुरोहित शास्त्री के नेतृत्व में सम्पन्न होगा। नित्य पूजन पं. डॉ. आकाश दीक्षित, श्रृंगार पं. संतोष व्यास और आरती पं. योगेश चतुर्वेदी द्वारा की जाएगी। ज्योतियों की देखरेख के लिए 24 घंटे पंडितों की विशेष टीम तैनात रहेगी।

## सप्तमी पर होगा निशा पूजन

महंत श्री ने बताया कि सप्तमी तिथि को मां कालरात्रि का विशेष निशा पूजन किया जाएगा, जो मध्यरात्रि 12 बजे से प्रातः 5 बजे तक चलेगा। इस दौरान माता का 16 प्रकार के द्रव्यों से अभिषेक एवं श्रृंगार किया जाएगा, जिसके दर्शन के लिए मंदिर के द्वार भक्तों के लिए खुले रहेंगे।

### नौ देवियों की आराधना का महत्व



नवरात्रि के नौ दिनों में माँ दुर्गा के नौ स्वरूप शैलपुत्री से सिद्धिदात्री तक की पूजा की जाती है, जिससे शक्ति, समृद्धि, साहस और शांति की प्राप्ति होती है। मंदिर के प्रधान सेवक पं. गौरव संतोष शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया है कि वे श्रद्धा और विश्वास के साथ मां दुर्गा की उपासना कर जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करें।

## ग्रामीण क्षेत्र से आए 165 आवेदकों ने कलेक्टर को सुनाई समस्याएं

# जनसुनवाई में लंबित आवेदनों पर कलेक्टर सख्त, अफसरों को 31 तक का अल्टीमेटम

**जनसुनवाई में आने वाले लंबित आवेदनों तुरंत हल करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं।**



विदिशा। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में आए आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सख्त निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया है कि जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री आवास तथा विभिन्न कार्यालयों से प्राप्त सभी आवेदन एवं शिकायतों पर विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण मंच है। ऐसे में प्रत्येक संबंधित विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके विभाग से जुड़े सभी लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण किया जाए और अद्यतन स्थिति के साथ जनसुनवाई में उपस्थित हों। उन्होंने निर्देशित किया कि 31 मार्च तक पूर्व लंबित सभी आवेदनों का बिना कार्रवाई के लंबित न रखा जाए तथा जिन मामलों का निराकरण हो चुका है, उसकी स्पष्ट जानकारी दस्तावेजों सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही जिन प्रकरणों में समय लगना संभावित है, उनके संबंध में कारण एवं कार्ययोजना भी बताई जाए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसुनवाई में अनुपस्थित रहने या बिना तैयारी के आने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे जनसुनवाई को गंभीरता से लेते हुए आमजन को राहत प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम में किए जा रहे नवाचारों से आमजन को त्वरित और प्रभावी लाभ मिल रहा है। प्रशासन ने जनसुनवाई को अधिक सुलभ बनाने के लिए नई पहल शुरू की है, जिसके तहत आवेदकों को आवेदन लिखवाने में सहायता दी जा रही है। जनसुनवाई में कॉलेज विद्यार्थियों को शामिल करते हुए आवेदन लेखन कराया गया। नेशनल कॉलेज के छात्र अरविंद अहिरवार और पांडे ने 11 आवेदकों के आवेदन लिखे, जिससे अशिक्षित व जरूरतमंद लोगों को राहत मिली। कार्यक्रम में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड निर्माण और स्वास्थ्य सेवाएं भी मौके पर उपलब्ध रहीं। 35 आवेदकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं दी गईं, वहीं तीन हितग्राहियों मुल्लों बाई, गोमती बाई और हरिराम के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस पहल से जनसुनवाई अधिक जनोन्मुखी और प्रभावी बन रही है।

### जनसुनवाई में 95 आवेदनों का निराकरण

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कुल 165 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 95 का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा निर्धारित कर निर्देश दिए गए। लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अद्यतन स्थिति भी जानी गई। इस अवसर पर अनिल कुमार डामोर, क्षितिज शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### लंबित आवेदनों के निराकरण के निर्देश

कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अनावश्यक रूप से लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वालों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को नियमित समीक्षा करने और लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए। साथ ही, निराकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया।

# पूर्व विधायक के घर में चोरी करने घुसे चोर को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पूर्व विधायक रुद्रप्रताप सिंह के घर हुई चोरी के मामले में पुलिस ने एक चोर को भोपाल से दबोच लिया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक केटीएम 250 सीसी बाइक बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत 2.80 लाख बताई गई है। चोरी की वारदात के बाद से पुलिस ने करीब 200 सीसीटीवी कैमरे खंगाले। सिविल लाइन टीआई आरके मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सचिन पारधी (32) निवासी गांधी नगर भोपाल का आपराधिक रिकॉर्ड भी गंभीर है। उसके खिलाफ विभिन्न जिलों में 26 मामले दर्ज हैं। पुलिस उसके आपराधिक इतिहास का सत्यापन कर रही है। यह



कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई।

### लोन की किस्तें नहीं चुकाने पर मकान सील किया

**विदिशा।** बरईपुरा इलाके में बैंक लोन की किस्तें समय पर जमा नहीं करने पर राजस्व विभाग ने एक मकान को सील कर दिया। तहसीलदार प्रीति पंथी अपने अमले और पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और तालाबंदी की कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार मकान मालिक ने बैंक से लोन लिया था, लेकिन लंबे समय से किस्तें जमा नहीं की जा रही थीं। लगातार ओवरड्यू होने पर बैंक ने मामला राजस्व विभाग को सौंपा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बकाया नहीं चुकाने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# मारपीट का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, 2 अब भी फरार



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले के धनौरा बेरखेड़ी गांव में हुई मारपीट की घटना के मुख्य आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर उसका जुलूस निकाला।

कुछ दिन पहले धनौरा बेरखेड़ी गांव में आपसी विवाद के दौरान अमजद खान ने अपने साथियों के साथ मिलकर भूरा खान से मारपीट की थी। इस घटना में भूरा खान गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर भोपाल रेफर कर दिया गया। घायल भूरा खान की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपियों की तलाश के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी अमजद खान को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी अमजद खान का जुलूस निकाला। इस मामले में दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्रा ने बताया कि घटना में शामिल सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### बेतवा तट पर होगा गीता पाठ, टैगौर भवन में नाटक का मंचन

**विदिशा।** विक्रमोत्सव 2026 के तहत मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं विश्वगीता प्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वावधान में बेतवा तट स्थित गणपति मंदिर परिसर में प्रातः 6:30 बजे वैदिक मंत्रों से सूर्य अर्घ्य के साथ श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का पाठ होगा। आरती, पुष्पांजलि व कल्याण मंत्र के साथ समापन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मुकेश टंडन रहेंगे। वहीं 10 बजे टैगोर भवन में सम्राट विक्रमादित्य नाटक का मंचन किया जाएगा।

# ट्रक व लोडिंग ऑटो की टक्कर, सड़क पर बिखरे अंगूर को लूटने लगी लोगों की होड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बायपास स्थित महाराजा खेत सिंह खंगार प्रतिमा के पास निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर मंगलवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक ने गलत दिशा से आकर अंगूर से भरे लोडिंग ऑटो को टक्कर मार दी।

हादसे में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो भोपाल की ओर से आ रहा था, तभी मिर्जापुर की तरफ से गलत दिशा में आए ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ऑटो में भरे अंगूर सड़क पर बिखर गए, जिन्हें देखकर राहगीरों और आसपास के लोगों में लूटने की होड़ मच गई। इस दौरान



ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घायल चालक को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### राज्य स्तर पर चमकी एसएटीआई की प्रतिभा

**विदिशा।** एसएटीआई की स्वयंसेविका नीलिमा झपाटे ने राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर (8–14 मार्च, चित्रकूट) में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



विदिशा जिले से चयनित 14 स्वयंसेवकों में शामिल नीलिमा ने मंदाकिनी नदी स्वच्छता, तालाब सफाई व श्रमदान जैसे सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। योग, पीटी और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी उनकी भागीदारी सराहनीय रही।

# आदिवासी वर्ग को भूमि अधिकार दिलाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला अनुसूचित जाति कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आदिवासी वर्ग के लोगों को उनकी भूमि का अधिकार दिलाने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि ग्यारसपुर क्षेत्र में पूर्व में आदिवासी परिवारों को आवंटित भूमि पर वर्तमान में दबंगों ने कब्जा कर लिया है, जिससे पात्र हितग्राहियों को उनका अधिकार नहीं मिल पा रहा है। समिति ने मांग की कि राजस्व मंडल ग्वालियर द्वारा 18 फरवरी 2026 को पारित आदेश का पालन करते हुए संबंधित भूमि का नामांतरण शीघ्र



आदिवासी हितग्राहियों के नाम किया जाए, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। ज्ञापन सौंपने के दौरान जगन्नाथ अहिरवार, अरुण कुमार अवस्थी, संतोष अहिरवार, मुस्कान मंसूरी, सुरेंद्र अहिरवार, पंचम सिंह किरार, दिनेश सूर्यवंशी, शिवराज अहिरवार, मनोरमा आदिवासी, मनमोहन अहिरवार, हुकुम आदिवासी, खुमान कुशवाहा एवं चुन्नी वंशकार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनपद पंचायत नटेरन द्वारा जल महोत्सव कार्यक्रम ग्राम वर्धा में आयोजित किया

# पानी की हर बूंद की कीमत समझें: विधायक मीणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

मध्यप्रदेश जल निगम की परियोजना क्रियान्वयन इकाई भोपाल अंतर्गत ग्राम पेयजल स्वच्छता तदर्थ समिति वर्धा जनपद पंचायत नटेरन द्वारा जल महोत्सव कार्यक्रम ग्राम वर्धा में आयोजित किया गया।

विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है, जल जीवन का सबसे महत्वपूर्ण संसाधन है और इसका संरक्षण हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि आज हम जल बचाने के प्रति जागरूक नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने सभी से अपील की कि जल का सदुपयोग करें और व्यर्थ बहने से रोकें।




### संरक्षण की दिलाई शपथ

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को जल बचाने और जल स्रोतों के संरक्षण की शपथ दिलाई गई। लोगों को दैनिक जीवन में जल बचत के उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ ओपी सनोडिया, एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सरपंच प्रहलाद कुशवाह, भाजपा नेता शैलेन्द्र ठाकुर, सरपंच मनमोहन यादव, अभिनन्द धाकड़, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी, रामकृष्ण मीणा, निर्मल धाकड़, चक्रेश शर्मा, भगवान सिंह रघुवंशी, बाबूलाल धाकड़, किशन चौकसे, राम कुमार शर्मा सरपंच सांगुल, राजेश मीणा सरपंच गोकुलपुर सहित जल निगम के अधिकारी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2980
उच्चतम भाव-5452
सरसों
न्यूनतम भाव-4355
उच्चतम भाव-7280
चना
न्यूनतम भाव-3520
उच्चतम भाव-5452
मसूर
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-7440
शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3320
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-2955
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2110
उच्चतम भाव-2180
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2650
उच्चतम भाव-3390
तुअर
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-5600
धनिया
न्यूनतम भाव-8200
उच्चतम भाव-8550
धान
न्यूनतम भाव-1950
उच्चतम भाव-3922
बटरी
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-4450
मक्का
न्यूनतम भाव-1370
उच्चतम भाव-1615
अलसी
न्यूनतम भाव-6300
उच्चतम भाव-6300
मटर
न्यूनतम भाव-3380
उच्चतम भाव-3560

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 34096 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### नपा अमले ने कराया वार्ड में कीटनाशक का छिड़काव



**गंजबासौदा।** मंगलवार को नगरपालिका सफाई अमले ने नगर के वार्ड क्रमांक 14 एकता नगर क्षेत्र में पहुंचकर नालियों में कीटनाशक पाउडर का छिड़काव कराया। इस अवसर पर अनेक नपा सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# किसानों से बीज के नाम पर धोखाधड़ी की खेतों में पहुंचकर हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में फाउंडेशन बीज के नाम पर किसानों से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस मामले में जांच के लिए मंगलवार को कृषि अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों का दल पीडित किसानों के खेतों पर पहुंचा और जांच एवं सैंपलिंग की।


प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर में आईटीसी कंपनी द्वारा हरदा की एग्रियस कंपनी से बीज को नगर में संचालित एफपीओ की दुकानों पर बेचने के लिये सप्लाई किया था। जिनसे भरोसे में रहकर ग्राम फूफैर के किसान भूपेन्द्र सिंह एवं नयनदीप ने कैरोलाइन एग्रो लिमिटेड के प्रदीप रघुवंशी की दुकान से 1544 किस्म का गेहूं का फाउंडेशन बीज खरीदा था। लेकिन जब खेत में मिक्स दाना आया तो उन्होंने इसकी शिकायत बीज विक्रेता से की, बीज विक्रेता ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की। जिसके बाद मंगलवार को नटेरन के कृषि विभाग का दल फूफैर पहुंचा जिसमें नटेरन के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी जगदीश गुर्जर, क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी अभिषेक जैन, राज रघुवंशी महू केन्द्र एवं कृषि वैज्ञानिक विनय प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर फसल की जांच की एवं फाउंडेशन बीज में लगभग 5 प्रतिशत से अधिक मिलावट होना बताया एवं अपने साथ बीज के सैंपल भी लेकर गये। कृषि वैज्ञानिक विनय प्रताप सिंह ने बताया कि फाउण्डेशन बीज एक प्रकार का



उच्च गुणवत्ता वाला बीज होता है, जो विशेष रूप से किसानों के लिए तैयार किया जाता है। यह बीज फसल की उत्पादकता और गुणवत्ता को बढ़ाने में मदद करता है। इससे पूर्व शिकायत मिलने के बाद एग्रियश कंपनी एरिया हेड तोमर ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की थी। लेकिन गोल मोल जबाब देते हुए अपने साथ फसल के सैंपल भी लेकर गये थे। लेकिन सेंपलिंग के एक सप्ताह बाद तक न ही कोई जांच रिपोर्ट दी है न ही किसान से संपर्क किया। वहीं किसान से कहा था कि जांच एवं जबाव आईटीसी कंपनी भेज दिया जायेगा। इस संबंध में अभी तक न तो आईटीसी कंपनी द्वारा कोई कार्रवाई की गई है और न ही किसान को कोई जबाब मिला है। वहीं जो एफपीओ संचालक हैं उन्होने बताया कि आईटीसी कंपनी द्वारा ही उनके अनाज को खरीदा जाता है।

इस संबंध में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी जगदीश गुर्जर का कहना था कि मौके पर पहुंचकर फसल का निरीक्षण किया है। प्रतिवेदन बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को जांच के लिये भेजा जायेगा। उसके बाद संबंधित कंपनी एवं बीज विक्रेता पर कार्रवाई की जायेगी।

# किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किसानों की कई समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और पैदल जुलूस निकालते हुए तहसील स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एसडीएम अनुभा जैन को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों से संबंधित कई प्रमुख मांगें उठाई गईं। इनमें हार्वेस्टर प्रबंधन के लिए एसएमएस अनिवार्यता संबंधी आदेश पर पुनर्विचार और उसे स्थगित करने की मांग शामिल है।

ज्ञापन में कांग्रेस ने मसूर की खरीदी समर्थन मूल्य पर 4 क्विंटल प्रति बीघा करने की भी मांग की। इसके अलावा, जिला सहकारी बैंक में केसीसी किसान क्रेडिट कार्ड जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर 31 मई करने की मांग की गई। गेहूं का समर्थन मूल्य 3000 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित करने और ग्रामीण क्षेत्रों में जले हुए ट्रांसफॉर्मर को शीघ्र बदलने की भी अपील की गई। कांग्रेस ने गेहूं, चना और मसूर की समर्थन मूल्य पर खरीदी 1 अप्रैल के बजाय 20 मार्च से शुरू करने की मांग की, ताकि किसानों को अपनी फसल कम दाम पर बेचने के लिए मजबूर न होना पड़े। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि इन समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण नहीं किया गया, तो किसान कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए विवश होगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक और नपाध्यक्ष के मांग पत्र पर दी मंजूरी

# नगर पालिका की सीमा में वृद्धि सहित अन्य विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने नगरागमन 23 नवंबर 2025 को क्षेत्र विकास के लिए विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा रखी गई मांगों पर स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें से नगर पालिका के सीमा वृद्धि प्रस्ताव को स्वीकृत करने के साथ ही नगर विकास के लिए करोडों रूपए के निर्माण कार्यों की अनुदान राशि की स्वीकृति, ग्यारसपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने और नगर का नाम वासुदेव नगर करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री की इस स्वीकृति पर क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है और उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित विधायक हरिसिंह रघुवंशी और नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव का आभार व्यक्त किया है।



यहां उल्लेखनीय है कि गत वर्ष मुख्यमंत्री मोहन यादव और क्षेत्रीय सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नगरागमन पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के माध्यम से नगर पालिका के सीमावृद्धि प्रस्ताव को स्वीकृत करने की मांग की थी। इसी तरह ग्राम पंचायत ग्यारसपुर को नगर पंचायत बनाने, पारासरी नदी के चौडीकरण एवं गहरीकरण के लिए 15 करोड रूपए, ऑडिटोरियम, स्वीमिंग पुल, पार्क के लिए 9 करोड रूपए, सडकों के चौडीकरण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 10 करोड रूपए, नए बस स्टैंड पर शॉपिंग कॉम्पलेक्स, मैरिज हॉल, गार्डन के लिए 15 करोड रूपए, नालों के चैनलाइजेशन के लिए 12 करोड रूपए की मांग की गई थी। इसके अलावा नगर का नाम वासुदेव नगर करने की मांग भी मांग पत्र में शामिल थी।

पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इन मांग पत्रों में शामिल नगर के सीमा वृद्धि प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करने के साथ नगर विकास के लिए अनुदान राशि स्वीकृत करने, ग्यारसपुर को नगर पंचायत का दर्जा देने की स्वीकृति और नगर का नाम वासुदेव नगर करने की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।

नगर के सीमा वृद्धि प्रस्ताव में आसपास के जिन गांवों और उनके क्षेत्र को शामिल किया गया है, उनमें ग्राम पंचायत गंज पठारी बासौदा सर्वे नंबर 56 लगायत 149, 159, 1, लगायत 300, 2, 2, ग्राम गंज रजौदा 163, 177,2 लगायत 220, 226, लगायत 227, 229 लगायत 232, 239 लगायत 241, 274 लगायत 342, ग्राम महागौर बनवा जागीर 1 लगायत 152, ग्राम पंचायत स्वरूपनगर स्वरूपनगर 1 लगायत 598, ग्राम पंचायत हरिपुर खैरूआ नसीदपुर 1 लगायत 108, हरिपुर 1 लगायत 135, हतौडा 236 लगायत 267, 428 लगायत 430, ग्राम पंचायत हरदूखेडी बैहलोट 1 लगायत 588 शामिल हैं। नगर पालिका से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र के विकास कार्यों एवं नगर का नाम वासुदेव नगर स्वीकृत होने पर नपा परिषद की स्वीकृति के लिए आगामी 25 मार्च को नगर पालिका परिषद की बैठक आयोजित की जा रही है।

विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने क्षेत्र एवं नगर विकास के कार्य स्वीकृत होने पर मुख्यमंत्री मोहन यादव और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है। साथ ही विधायक ने बताया कि शेष विकास कार्यों के प्रस्तावों को भी शीघ्र स्वीकृत कराया जाएगा।

वहीं नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने नगर के सीमा वृद्धि प्रस्ताव और नगर का नाम वासुदेव नगर करने सहित विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि इन सभी कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र ही नगर पालिका परिषद से स्वीकृत कराकर आगामी कार्रवाई के लिए शासन को भेजे जाएंगे। ताकि समय पर नगर के विकास कार्य आरंभ किए जा सकें।

# समितियों के लिए एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विकासखंड के सेक्टर त्योंदा जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण नवांकुर चयनित संस्था पृवल सेवा एवं जन कल्याण समिति के द्वारा त्योंदा पंचायत भवन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिवसेना जिला अध्यक्ष बृजेंद्र देवा लोधी एवं अतिथि के रूप में, सरपंच प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष, परामर्शदाता जगदीश प्रसाद साहू , हजारी लाल पास्टकर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने सामाजिक समृद्धता, समरसता की बात कही। पूर्व मंडल अध्यक्ष ने उपस्थित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति को ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करने को कहा।

परामर्शदाता ने दस्तावेजीकरण एवं समितियों के गठन का प्रशिक्षण दिया गया। अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदर्श ग्राम में संस्कार केंद्र जन सूचना केंद्र तथा जन अभियान द्वारा संचालित गतिविधियों, वाचनालय पर्यावरण नर्सरी एवं नशा मुक्ति के विषयों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रसूलपुर, लगधा, महोली, हामिदपुर, बरमढी, अध्यक्ष सचिव एवं सदस्यों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण समापन पर प्रमाण पत्र दिए गए, कार्यक्रम का संचालन जगदीश साहू ने एवं आभार धन सिंह कुशवाहा द्वारा व्यक्त किया गया।

# कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को मध्य प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की पत्नी स्वर्गीय सुभद्रा कुमारी वर्मा के निधन पर कमलनाथ ब्रिगेड द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर नगर कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान, महिला कांग्रेस, कांग्रेस एवं वरिष्ठ कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधिक साक्षरता शिविर में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में ग्राम अजीजपुर ग्राम पंचायत रबरयाई में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आफरीन यूसुफजई तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में मध्यस्थता की प्रक्रिया एवं महत्व के बारे में यह बताया गया कि पक्षकार मध्यस्थता के माध्यम से सीधे संवाद के जरिए आपसी सहमति से विवाद का समाधान निकाल सकते है, साथ ही यह भी बताया गया कि मध्यस्थता प्रक्रिया से पैसे और समय की बचत करते हुए विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान निकाला जा



सकता है। मध्यस्थता प्रक्रिया में वैवाहिक विवाद, धन वसूली, किराएदारी के विवाद, मोटर दुघर्टना, चेक अनादरण आदि जैसे विवादों का कम खर्च में शीघ्र निपटारा किया जा सकता है। उक्त कार्यक्रम में एडवोकेट पल्लवी श्रीवास्तव, राजेश सक्सेना, सुनील राजपूत, सौरभ कुशवाह, आशा अहिरवार, देवीसिंह रघुवंशी, महेंद्र रघुवंशी, जितेंद्र दुबे, सुषमा याग्निक सहित आमजन उपस्थित रहे।

## मूलभूत समस्याओं का शीघ्र निराकरण न होने पर करेंगे आंदोलन

# शिवसेना ने विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

क्षेत्र में बढ़ती अव्यवस्थाओं, अवैध शराब की बिक्री और सरकारी अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर शिवसेना कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एसडीएम अनुभा जैन को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की गंभीर समस्याओं के निराकरण की मांग की है। संगठन ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र सुधार नहीं हुआ, तो प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में प्रमुखता से गौवंश की दुर्दशा का मुद्दा उठाया गया।

शिवसेना ने कहा कि एक ओर गाय को पूज्यनीय माना जाता है, वहीं दूसरी ओर वे सड़कों पर भटकने को मजबूर हैं। शासन से मांग की गई है कि शासकीय चरनोई भूमि से तत्काल अतिक्रमण हटाया जाए ताकि गौवंश को अपना स्थान मिल सके। साथ ही, गाय को 'राष्ट्रीय पशु' घोषित करने की मांग भी दोहराई गई। शिवसेना ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में शासन-प्रशासन की मौन स्वीकृति से हर छोटी दुकान और गली-मोहल्लों में देशी, विदेशी शराब धड़ल्ले से बिक रही है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती। संगठन का कहना है कि इसी नशे के कारण क्षेत्र में अपराध चरम पर हैं। शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय की बदहाली पर आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया गया कि अस्पताल में स्टॉफ की कमी के कारण मरीजों की जान जा रही है। जन्म प्रमाण पत्र, डिलीवरी और इलाज के नाम पर स्टाफ द्वारा 'सुविधा शुल्क' की मांग की जाती है। रुपये न देने पर मरीजों और परिजनों के साथ मारपीट व गाली-गलौज की जाती है। वहीं दूसरी ओर, नशेड़ियों द्वारा ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों और स्टाफ के साथ भी आए दिन मारपीट की घटनाएं हो रही हैं, जिससे वहां भय का माहौल है। कृषि उपज मंडी का मुद्दा उठाते हुए शिवसेना ने कहा कि व्यापारियों द्वारा किसानों के साथ मारपीट और अभद्रता की जा रही है। चेतावनी दी गई है कि यदि भविष्य में ऐसी घटना हुई, तो दोषी व्यापारियों के लाइसेंस निरस्त कर उन्हें ब्लैक लिस्ट किया जाए। ज्ञापन सौंपते समय शिवसेना पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इन मूलभूत समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि समय रहते इन मांगों पर उचित कार्यवाही नहीं हुई, तो शिवसेना सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। प्रदेश उपाध्यक्ष पप्पू तिवारी ,प्रदेश उपाध्यक्ष युवा सेना कुलदीप तिवारी, जिला अध्यक्ष लोकेंद्र ठाकुर, तहसील अध्यक्ष धर्मेंद्र राजपूत, संभाग अध्यक्ष मनीष पटेल, धर्मेंद्र ठाकुर, रोहित केवट, राहुल गौड़, प्रवीण जैन, हिमांशु कुशवाह, नगर अध्यक्ष जितेंद्र यादव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पक्षियों को दाना पानी अभियान गुरुवार से



**गंजबासौदा।** पंचतत्व गुरुवार को पक्षियों को गर्मी के दौरान दाना पानी उपलब्ध कराने के लिए सकोरा वितरण अभियान प्रारंभ करेंगे। समिति इस अभियान के दौरान उन लोगों को निःशुल्क जल दान पात्र उपलब्ध कराती है। जो यह गारंटी देते हैं घर आंगन या पेड़ पर सकोरा लगाकर 4 महीने निरंतर पक्षियों को दाना और पानी की व्यवस्था करेंगे। इस बार समिति ने करीब 500 सकोरा पक्षियों के लिए और गोवंश के लिए सीमेंट की बड़े जल पात्र रखने का लक्ष्य रखा है। संगठन के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी ने बताया समिति हर साल सदस्यों के माध्यम से गर्मी के दिनों में यह अभियान नवरात्रि के प्रथम दिन से प्रारंभ करती है।

# मुख्यमार्गों से होकर निकली भव्य कलश यात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नौदेवी पिपलेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कृष्णा मां की अमृतमयी वाणी में आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर मंगलवार को दोपहर के समय भव्य कलश यात्रा श्री हनुमान मंदिर भावसार पुलिया से निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह आध्यात्मिक आयोजन आगामी 23 मार्च तक निरंतर जारी रहेगा। कलश यात्रा बरेठ रोड भावसार पुलिया से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। यात्रा में महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर भजन गाती हुई चल रही थीं, वहीं युवा डीजे की भक्ति धुनों पर थिरकते नजर आए। यात्रा के दौरान सजाई गई भगवान की मनमोहक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। मार्ग में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक संगठनों के सदस्यों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का आत्मीय स्वागत किया। आयोजन समिति के अनुसार प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रवचनकर्ता कृष्णा मां द्वारा आध्यात्मिक विषयों पर प्रवचन दिए जाएंगे। पहले ही दिन नगर सहित ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अमृतवाणी सुनने पहुंचे। इन प्रवचनों का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना और सद्भावना का प्रसार करना है। सात दिवसीय इस आध्यात्मिक महोत्सव का समापन 23 मार्च को होगा। समापन अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और पूर्णाहुति दी जाएगी, जिसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### महामाई मेले में लोकनाट्य और लोकसंगीत की शानदार प्रस्तुतियां,

# बृज के प्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मोहा मन, आज आएंगी गायिका कविता शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



नगर के प्रसिद्ध महामाई मेले में आज बुंदेली की प्रसिद्ध लोकगायिका कविता शर्मा अपनी प्रस्तुति देंगी। उनकी प्रस्तुति को लेकर क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में लोग मेले में पहुंच रहे हैं।

इन दिनों मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला पूरे उत्साह और भव्यता के साथ जारी है, जिसमें स्थानीय सहित दूर-दराज़ के क्षेत्रों से लोग पहुंचकर आनंद ले रहे हैं। सोमवार को मेले में बृज क्षेत्र के प्रसिद्ध ‟बृज दर्शन फोक ग्रुप” द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से समिति के सचिव रमेश यादव,नपा अध्यक्ष मनमोहन साहू,मनीष चौरसिया,पारस तारण,मनोज शर्मा,अमित शर्मा, सर्वेश शर्मा एवं रामवीर यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत माता महामाई के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर मैया के अनन्य भक्त एवं पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में बृज की पारंपरिक संस्कृति, लोकगीत और होली के रंगों से सराबोर प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ‟चारों धाम से निराला बृज धाम” जैसी प्रस्तुतियों के साथ होली के रंगारंग कार्यक्रमों ने देर रात तक समा बांधे रखा। मंगलवार को मेले में दीक्षा भारती एवं जितेंद्र यादव और उनकी टीम के द्वारा अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत की गई।

#### विधायक ने ली बैठक

*महामाई मेले में बढ़ती भीड़ और कार्यक्रमों की निरंतरता को देखते हुए व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय विधायक एवं समिति के संरक्षक उमाकांत शर्मा द्वारा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारम्भ मैया महा माई की पूजन अर्चना से की गई बैठक में मेले की सुरक्षा,स्वच्छता, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आगामी दिनों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान महामाई मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित नलिनीकांत शर्मा ने अपना आशीर्वाचन दिए। लक्ष्मण बघेल,संतोष चोरे, रमेश यादव के द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गए। इस अवसर पर प्रमुख रूप ट्रस्ट के अध्यक्ष अमोल सिंह जाटव, सत्यनारायण शर्मा, कैलाश शर्मा, सरसिज शर्मा, झार सिंह दांगी हरिबाबू भार्गव, सहित से समिति के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने मेले को और अधिक सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने हेतु अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। विधायक ने समन्वय से कार्य करने की अपील की, ताकि आने वाले दिनों में भी मेले की गरिमा और आकर्षण बना रहे।*

# राष्ट्रीय अधिवेशन में स्वच्छ पेशेवर समाज के अधिकारों को लेकर बुलंद आवाज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

बुलंदशहर में आयोजित अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से आए पदाधिकारियों ने समाज के उत्थान,अधिकारों और समस्याओं को लेकर अपने विचार रखे। सम्मेलन में ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने, नियमित भर्ती, शिक्षा एवं सम्मानजनक जीवन के अधिकार को लेकर जोरदार एकजुटता दिखाई गई।

कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों का पारंपरिक तरीके से शाल,श्रीफल एवं संगठन का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। जिससे कार्यक्रम गरिमामय रहा। इस अवसर पर विधायक चन्द्रपाल सिंह लोधी ने समाज की समस्याओं के निराकरण हेतु हरसंभव सहयोग देने एवं ज्ञापन को प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया, साथ ही डिबाई क्षेत्र में वाल्मीकि समाज के लिए धर्मशाला निर्माण कराने की बात कही। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बेनीवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में समाज के अधिकारों के लिए निर्णायक आंदोलन की घोषणा करते हुए कहा कि अब पीछे नहीं हटेंगे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट सुभाष बोहत ने कहा कि सफाई कर्मचारियों को उनका हक और सम्मान दिलाने के लिए कानूनी एवं सामाजिक स्तर पर संघर्ष को तेज किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि विदिशा जिले की हालत बद से बदतर है जिले की और खासतौर से सिरोंज नगर पालिका में कर्मचारियों के अधिकारों को पैरों तले अधिकारियों द्वारा रौंदा जा रहा है इसको भी पुरजोर तरीके से महासम्मेलन में उठाया। इसमें संतोष सांवरिया, जिला अध्यक्ष विदिशा मुन्नालाल मीना, रमेश पथरौल, विष्णु मारोठिया, ताराचंद बोहत, अमित बोहत, कमल सिंह, कमल भाटी, टी.आर. रामप्पा, ब्रह्म प्रकाश, सुरेन्द्र तेश्वर, राजेन्द्र श्रमिक, पूरन आर्य, रविंद्र बेनीवाल, राजू सांगते, पिंटू वाल्मीकि, भोजराज भवूती, डॉ. लखन सिंह, महेंद्र वाल्मीकि, सुनील धांजल, फिरोज पाल सहित हजारों की संख्या में कर्मचारी एवं समाज बंधु उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की सुपुत्री के निधन पर बैतूल पहुंचकर अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमन्त खण्डेलवाल की सुपुत्री कु. सुरभि खण्डेलवाल के आकस्मिक निधन का समाचार पूरे प्रदेश के लिए अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है।

इस असमय हुई क्षति से न केवल खण्डेलवाल परिवार, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक एवं जनसेवा से जुड़े सभी वर्गों में शोक की लहर व्याप्त है। इसी क्रम में ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन ‘सैनानी’ बैतूल स्थित खण्डेलवाल के निवास पर पहुँचे, जहाँ उन्होंने दिवंगत पुण्यात्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी शोक श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक संतप्त परिवारजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और इस दुखद घड़ी में संगठन की ओर से हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर एडवोकेट जैन ने आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हार्दिक हुंडिया (मुंबई) द्वारा प्रेषित शोक संवेदना पत्र का वाचन भी किया, जिसमें दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई है।

एडवोकेट राजीव जैन ने कहा कि किसी भी परिवार के लिए युवा संतान का असमय जाना अत्यंत असहनीय पीड़ा होती है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

### सुबह ठाकुर जी का अभिषेक तथा शाम को आरती कर भोग अर्पण किया

# प्राचीन गिरधारी मंदिर में हुआ ब्राह्मण भोज आयोजन


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



हिंदू सनातन परंपरा में ब्राह्मण भोज का विलक्षण महत्व है। नगर में इस परंपरा का आरंभ सिया राम बाबा ने किया था।

अग्रवाल समाजजन इसका पूर्णतः पालन करते है कभी समिति द्वारा तो कभी व्यक्तिगत यह कार्यक्रम होते हैं ऐसा ही एक आयोजन राधावल्लभ रामबाबू गोयल घी वाले द्वारा प्राचीन श्री गिरधारी जी अग्रसेन मंदिर के जागृत दरबार में पूर्वजों के निमित्त तथा नवसंवत्सर शुभ आगमन अवसर पर नगर ब्राह्मण का आयोजन किया गया। जिसमें नगर और आसपास के विप्रजन शामिल हुए ठाकुर जी के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की। वही संपूर्ण मंदिर की सजावट की गई। साथ ही सुबह ठाकुर जी का अभिषेक तथा शाम को आरती कर ठाकुर जी को भोग अर्पण किया गया। तत्पश्चात ब्राह्मण भोज प्रारंभ हुआ जिसमें परिजनों ने सेवा कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### सिद्ध आश्रम पर दुर्गा सप्तशती पाठ, कलश पूजन और कलश की स्थापना आयोजन कल



सिरोंज। नगर के सिद्ध आश्रम आमाढाना में सिद्ध सेवा आश्रम कल्याण समिति द्वारा कल दुर्गा सप्तशती पाठ,कलश पूजन कलश स्थापना का आयोजन किया जाएगा। इसी के साथ 20 मार्च को दक्षिण मुखी हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। सिद्ध आश्रम के वरिष्ठ मंहत पं संजय मेहता ने क्षेत्रवासियों से इस भव्य आयोजन व भंडारे में सम्मिलित होकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

# 10 लाख रुपए से अधिक बकाया वालों से वसूली के लिए प्रकरण दर्ज करने निर्देश

- आवेदकों को कम समय में आर्थिक सहायता के निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में स्पेशल डीएलसीसी (जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं के लक्ष्यों की बैंकवार गहन समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने बैंकर्स को निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों में सहमति दी जा चुकी है, उनमें वित्त पोषण की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए। साथ ही, सुधार के बाद पुनः भेजे गए आवेदनों पर भी त्वरित निर्णय लेकर स्वीकृति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा समय पर आर्थिक सहायता मिलने से हितग्राही इसी वित्तीय वर्ष में अपने व्यवसाय शुरू कर सकता है। बैठक में 10 लाख से अधिक बकाया वाले खातों की वसूली हेतु आरसीसी प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए गए। 40 वर्ष से अधिक आयु के लाड़ली बहना एवं पीएम सम्मान निधि हितग्राहियों को अटल पेंशन योजना से जोड़ने पर जोर दिया गया।

इसके अलावा पीएम स्वनिधि, पीएम आवास शहरी, सीसीएल, उद्यम क्रांति, पीएमएफएमई, डेयरी व मत्स्य केसीसी सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिपं सीईओ ओपी सनोडिया, लीड बैंक अधिकारी बीएल बघेल आदि मौजूद रहे।

# लटेरी के जंगलों में हरियाली के नाम पर घोटाला! कागजों में लाखों पौधे, जमीन पर उजाड़ सन्नाटा

### करोड़ों की फर्जी हरियाली, जंगलों पर माफिया का कब्जा, वन विभाग और वन विकास निगम कटघरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरवास

लटेरी तहसील के जंगल इन दिनों हरियाली नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार, अतिक्रमण और पर्यावरण विनाश की काली कहानी बयान कर रहे हैं। पौधारोपण और संरक्षण के नाम पर करोड़ों रुपये बहाने वाले जिम्मेदार विभागों की पोल अब खुलती नजर आ रही है। सरकारी फाइलों में जहां लाखों पौधों की हरियाली लहलहाती दिखाई गई है, वहीं जमीनी हकीकत में सूखी जमीन, उजड़े जंगल और माफियाओं का कब्जा साफ दिखाई देता है। आरोप है कि वन विभाग और वन विकास निगम के अधिकारियों ने वर्षों तक फर्जी रिपोर्ट बनाकर करोड़ों रुपये निकाल लिए। कागजों में फेंसिंग, नालियां, पौधारोपण और संरक्षण के बड़े-बड़े दावे किए गए, लेकिन मौके पर इन कार्यों का कोई नामोनिशान तक नहीं है। जिन इलाकों को मॉडल हरियाली क्षेत्र बताया गया वे आज अवैध कटाई और अतिक्रमण के गढ़ बन चुके हैं।



जंगल में हुए करोड़ों के खेल का खुलासा

#### कंपार्टमेंट दर कंपार्टमेंट सच्चाई

कंपार्टमेंट नंबर 360 करीब डेढ़ करोड़ से ज्यादा खर्च दिखाया गया, चार लाख पौधों का दावा लेकिन जमीन पर एक भी पौधा नहीं! 70–80% क्षेत्र अतिक्रमण की चपेट में। कंपार्टमेंट नंबर 361 लगभग 1.3 करोड़ खर्च, तीन लाख पौधों का रिकॉर्ड, हकीकत में पूरा क्षेत्र वीरान। कंपार्टमेंट नंबर 355 में 90 लाख से ज्यादा खर्च फिर भी जंगल सूना और उजड़ा। कंपार्टमेंट नंबर 351 में 1.29 करोड़ रुपये खर्च मगर संरक्षण का कोई निशान नहीं। कंपार्टमेंट नंबर 356 में 1.38 करोड़ से अधिक खर्च 80–90% जमीन पर अतिक्रमण। कंपार्टमेंट नंबर 354 में 1.49 करोड़ खर्च, तीन लाख पौधों का दावा लेकिन एक भी पौधा मौजूद नहीं। कंपार्टमेंट 363 में 1.80 करोड़ खर्च आज पूरा क्षेत्र भूमाफिया के कब्जे में। कंपार्टमेंट नंबर 364 76 लाख खर्च जमीन पर सिर्फ वीरानी। कंपार्टमेंट नंबर 352 में 2.12 करोड़ खर्च कोई कार्य नहीं मिला। कंपार्टमेंट नंबर 358 में 1.09 करोड़ खर्च क्षेत्र भू-माफियाओं के कब्जे में।

#### उच्च स्तरीय जांच की मांग

स्थानीय लोगों और शिकायतकर्ताओं ने इस पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की मांग तेज कर दी है। उनका कहना है कि यदि वीडियोग्राफी के साथ मौके का निरीक्षण कराया जाए तो करोड़ों के इस घोटाले की परतें खुल सकती हैं। लोगों की मांग है कि दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई हो। वन भूमि से अतिक्रमण तुरंत हटाया जाए जंगलों को बचाने के लिए ठोस और पारदर्शी योजना लागू की जाए। लटेरी के जंगलों में “हरियाली” अब सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है। जमीनी हकीकत में यह मामला करोड़ों के घोटाले, प्रशासनिक लापरवाही और पर्यावरणीय विनाश का उदाहरण है।

#### नहीं लगाए पौधे

अभी चार पांच साल से कोई पौधा नहीं लगाया गया है, जितने भी पौधे लगाए गए थे अतिक्रमणकारियों द्वारा पौधों को नष्ट कर दिया गया है और हमारे द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। - **तरुण कौरव** डीएम, वन विकास निगम भोपाल

# आदिनाथ मंदिर पर पांच शिखरों की स्थापना, मस्तकाभिषेक हुआ

### मुनियों के सानिध्य में शांति धारा, श्रद्धालु शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शीतलधाम स्थित बरों वाले बाबा भगवान आदिनाथ मंदिर में मंगलवार को धार्मिक आयोजन हुआ।

निर्यापक मुनिश्री संभवसागर महाराज, मुनिश्री निस्सीम सागर महाराज और मुनिश्री संस्कार सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में नवनिर्मित मंदिर पर पांच शिखरों की स्थापना की गई। इसके साथ ही शिखर पर पीतल के ध्वज दंड की विधिवत प्रतिष्ठा भी हुई। इस अवसर पर बरों वाले बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी का प्रथम मस्तकाभिषेक किया गया।

इस अभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। विदिशा के अलावा भोपाल, रायसेन और गंजबासौदा से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अभिषेक में शामिल होने पहुंचे। मुनिश्री के मुखारविंद से विश्व शांति की मंगल भावना के साथ शांति धारा संपन्न हुई। प्रथम अभिषेक के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।



#### साधना के बिना मनुष्य का जीवन भी अधूरा है

इस मौके पर एक धर्मसभा का आयोजन भी किया गया। इसमें मुनि श्री संभवसागर महाराज ने कहा कि कोई भी मंदिर शिखर के बिना अधूरा माना जाता है, ठीक उसी प्रकार धर्म और साधना के बिना मनुष्य का जीवन भी अधूरा है। उन्होंने आगे कहा कि जैसे मंदिर का शिखर आकाश को स्पर्श करता है, वैसे ही मनुष्य का लक्ष्य भी आत्मकल्याण और मोक्ष प्राप्ति होना चाहिए। मुनि श्री ने बताया कि मंदिर का शिखर और ध्वज समाज की उन्नति, गौरव और विजय के प्रतीक हैं, जो हमें उच्च विचार और श्रेष्ठ आचरण की प्रेरणा देते हैं।

# सरकारी 'हंटर', पिछले साल की आगजनी का अब थमाया नोटिस

### सैटेलाइट आधार पर की कार्रवाई, किसानों में आक्रोश

> तहसीलदार आनंद जैन का कहना है कि यह कार्रवाई शासन के निर्देश पर की जा रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन

तहसील क्षेत्र में इन दिनों सैकड़ों किसानों को प्रशासन द्वारा पिछले वर्ष की नरवाई (पराली) जलाने के आरोप में हजारों रुपए की वसूली के नोटिस थमाए जा रहे हैं, जिससे किसानों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

किसानों का आरोप है कि बिना किसी जमीनी जांच या पंचनामे के केवल सैटेलाइट इमेजरी के आधार पर एकतरफा कार्रवाई की जा रही है। मरखेड़ा के किसान तरवर सिंह ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए इसे अंधेर नगरी जैसा बताया। वहीं गुरोद के गिरवर सिंह का कहना है कि एक साल बाद नोटिस दिया जा रहा है, जबकि आग लगने के कारणों की जानकारी उन्हें भी नहीं है। तिलक खेजड़ा के किसान देव रघुवंशी ने बताया कि फसल कटने के बाद वे खेत पर गए ही नहीं, फिर भी उनके नाम नोटिस जारी कर दिया गया।

नटेरन के किसान महेंद्र रघुवंशी ने सबूत मांगने पर केवल सैटेलाइट डेटा का हवाला दिए जाने पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि बिना ठोस प्रमाण के किसानों को दोषी ठहराना गलत है। इस मामले में तहसीलदार आनंद जैन का कहना है कि यह कार्रवाई शासन के निर्देश पर की जा रही है और पिछले वर्ष की आगजनी के आधार पर नोटिस तामील कराए जा रहे हैं।

# नरवाई प्रबंधन को लेकर शमशाबाद मंडी में जागरुकता कार्यक्रम, किसानों को नरवाई न जलाने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में नरवाई प्रबंधन को लेकर जागरूकता गतिविधियां लगातार संचालित की जा रही हैं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने तथा किसानों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

कृषि उपज मंडी शमशाबाद, विकासखंड नटेरन में नरवाई प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल की उपस्थिति में मंडी में मौजूद किसानों को नरवाई न जलाने के लिए प्रेरित किया गया। एसडीएम श्री पटेल ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि नरवाई जलाने से मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव एवं पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है और भूमि कठोर होती जाती है। इसके परिणामस्वरूप आने वाली फसल भी प्रभावित हो सकती है। उन्होंने किसानों को नरवाई जलाने पर लागू दंडात्मक प्रावधानों की भी जानकारी दी।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री जगदीश गुर्जर ने किसानों को नरवाई प्रबंधन के विभिन्न उपायों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने किसानों को एसएमएस (सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम) युक्त हार्वेस्टर से कटाई कराने के लिए प्रेरित किया तथा खेतों में आग न लगाने की अपील की। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि खेतों में बचे फसल अवशेषों को नजदीकी गौशालाओं में भी उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है।

इस दौरान किसानों को उन्नत कृषि यंत्रों के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई और सभी उपस्थित किसानों को नरवाई न जलाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में राजस्व, कृषि एवं मंडी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर टीकाकरण अभियान

**विदिशा।** राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर विदिशा शहरी स्वास्थ्य केंद्र करैयाखेड़ा में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किशोरियों एवं बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उपस्थित बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को एचपीवी संक्रमण से होने वाले जोखिम और इससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, इसलिए निर्धारित आयु वर्ग की बालिकाओं को यह टीका लगवाना आवश्यक है।

### निर्माणाधीन सड़क के दोनों तरफ पेड़-पौधों पर जमीं धूल की परतें

# 184 करोड़ की सड़क, लेकिन राहतगढ़ हाईवे निर्माण गति पड़ी धीमी, धूल से बेहाल जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सागर-भोपाल राजमार्ग के तहत रायसेन से राहतगढ़ तक करीब 100 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण इन दिनों जारी है। एमपीआरडीसी द्वारा लगभग 184 करोड़ रुपए की लागत से कराए जा रहे इस निर्माण कार्य की रफ्तार बेहद धीमी होने से राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे रहने वाले लोग और वाहन चालक उड़ती धूल से त्रस्त हैं।

ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण चौड़ीकरण कार्य के तहत सड़क के दोनों ओर 7-7 मीटर के शोल्डर बनाए जा रहे हैं, जबकि एक-एक हिस्से में ढाई-ढाई मीटर चौड़ी सड़क पर डामरीकरण किया जा रहा है। राहतगढ़ से बेगमगंज तक दोनों तरफ करीब 10-10 मीटर चौड़े शोल्डर बनाए जा रहे हैं।

परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर सुधीर कोष्ठे के अनुसार सड़क का निर्माण हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एचएएम) के तहत किया जा रहा है, जिसमें ठेकेदार को 15 साल तक सड़क का रखरखाव भी करना होगा और हर छह माह में भुगतान किया जाएगा।



#### इन रूटों पर ज्यादा परेशानी

किशनपुर से गढ़ी और आमखेड़ा से बिमल ढाबा (सिरसौदा) तक का सफर बेहद मुश्किल भरा हो गया है। जगह-जगह अधूरी सड़क और फैली गिट्टियों के कारण यात्रियों को जोखिम उठाकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए, गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और सड़क पर फैली गिट्टियों को तत्काल हटाया जाए। ताकि हादसों पर रोक लग सके।

#### इनका कहना है

काम में तेजी लाने आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जल्द ही तेजी लाई जाएगी, पुल-पुलियाओं के निर्माण भी चल रहा है।
- **सुधीर कोष्ठे,** प्रोजेक्ट मैनेजर सड़क कंपनी।

### हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल के तहत किया जा रहा निर्माण कार्य

#### पुल-पुलियों का निर्माण सुस्त, राहगीर परेशान

सागर-भोपाल रायसेन से राहतगढ़ मार्ग के चौड़ीकरण कार्य में शामिल पुल-पुलियों का निर्माण बेहद धीमी गति से होने के कारण राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर अधूरे निर्माण और घटिया कार्यशैली को लेकर ठेकेदार पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

#### यहां काम की रफ्तार धीमी

पठारी की पुलिया, नरवर-खंडेरा के बीच पुलिया, खरगावली की बड़ी पुलिया, नकतरा, आमखेड़ा, पटी बंधान, मनकापुर और किशनपुर की पुलियाओं का निर्माण कार्य लंबे समय से जारी है।लेकिन प्रगति बेहद सुस्त बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा काम लापरवाही और निम्न गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है।

#### उड़ती धूल से बढ़ रही परेशानी, बीमारी का खतरा

सड़क निर्माण की धीमी गति के चलते जगह-जगह मिट्टी और मटेरियल के ढेर पड़े हैं, जिससे दिनभर धूल उड़ती रहती है। नरवर, खंडेरा, देवनगर और नकतरा पठारी,गढ़ी क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि चारपहिया वाहन गुजरते ही पीछे चलने वालों पर धूल का गुबार छा जाता है। इससे वाहन चालकों को आंखें बंद करने तक की नौबत आ जाती है। नरवर सरपंच सीमा हृदय मोहन बघेल, जनपद सदस्य मनीष चौकसे, दीवान सिंह, रामनारायण चौकसे और अर्जुन सिंह बघेल का कहना है कि पुल-पुलियाओं का निर्माण भी धीमी गति से हो रहा है। धूल के कारण सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है और बच्चों व बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है।

# कलेक्टर ने निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

### मॉनिटरिंग अमले की थपथपाई पीठ



#### कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता देख खुश, अधूरे कामों पर अफसरों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

विकास कार्यों की कमान खुद हाथों में लेते हुए कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने जनपद पंचायत गैरतगंज का सघन दौरा किया। उनके इस औचक निरीक्षण से पूरे प्रशासनिक अमले में हड़कंप की स्थिति रही।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के दो अलग अंदाज देखने को मिला। एक ओर जहां उन्होंने मॉनिटरिंग अमले द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की फिनिशिंग और प्रगति को देख सार्वजनिक रूप से उनकी पीठ थपथपाकर उत्साहवर्धन किया। वहीं दूसरी ओर रुके हुए कार्यों को लेकर वे नाखुश नजर आए।

वहीं कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने जनपद पंचायत गैरतगंज के अधिकारियों को नसीहत देते हुए हिदायत दी कि सुस्ती छोड़ें और गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराएं।

#### मौके पर मौजूद रहा प्रशासनिक अमला

कलेक्टर के साथ एसडीएम अंकित जैन, सहायक यंत्री नरेश कुमार ठाकरे, उपयंत्री शिवम दुबे, एपीओ विकास खरे, सहित क्षेत्र के सरपंच, सचिव व कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट संदेश दिया कि क्षेत्र के विकास में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### ईद-उल-फ़ितर की नमाज का समय तय

**रायसेन।** पवित्र रमजान माह के समापन पर मनाए जाने वाले ईद-उल-फ़ितर को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। गैरतगंज, गढ़ी और देवनगर में प्रमुख ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज़ अदा की जाएगी। ईद की तारीख चांद दिखने पर निर्भर करेगी। यदि 19 मार्च को चांद नजर आता है तो 20 मार्च को ईद मनाई जाएगी, अन्यथा 20 मार्च को चांद दिखने पर 21 मार्च को त्योहार मनाया जाएगा। नमाज़ का समय गैरतगंज ईदगाह मस्जिद में सुबह 7 बजे, मौलाना जमालुद्दीन नमाज अदा कराएंगे। जामा मस्जिद और मंडी मस्जिद में सुबह 7:30 बजे, हाफ़िज़ सद्दाम कुरैशी नमाज़ अदा कराएंगे। वहीं गढ़ी के ईदगाह में सुबह 7:30 बजे मौलाना अतीक़ुर्रहमान नमाज अदा कराएंगे।

# नई दिल्ली में आयोजित राउंड टेबल वर्कशॉप में गैरतगंज की अमृत मित्र महिलाएं चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

शहर को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने में जुटी महिलाओं को राष्ट्रीय स्तर पर गैरतगंज नगर परिषद की 2 अमृत मित्र महिलाएं नई दिल्ली स्थित भारत मांडपम में आयोजित राउंड टेबल वर्कशॉप में चयनित हुईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

नप प्रशासन के मार्गदर्शन में शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्य कर रही स्व-सहायता समूह की महिलाएं अमृत मित्र के रूप में शहर में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सीएमओ सुधीर उपाध्याय के सहयोग तथा पीएम स्वनिधि शाखा प्रभारी राजकुमारी सोनी के अथक प्रयासों से इन महिलाओं का चयन दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए किया। कार्यक्रम में गैरतगंज सहित जिले की समस्त 13 महिलाओं को दिल्ली ले जाने के लिए राजकुमारी सोनी को जिले का नोडल अधिकारी नियुक्त किया, जिनके नेतृत्व में चयनित स्वसहायता समूह की अमृत मित्र महिलाएं दिल्ली गईं।



### गैस किल्लत के दौर में केरोसिन तेल का मिले सहारा

# होटल, चाय दुकानों और ढाबों पर हो रहा घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली।

वर्षों पूर्व तक उचित मूल्य की दुकानों से कई धारकों को कम कीमत वाला केरोसिन तेल प्रतिमाह मिला करता था। होटल ढाबों, चाय की दुकानों पर केरोसिन तेल में जलने वाले स्टोब, भट्टियों का भरपूर उपयोग हुआ करता था। उचित मूल्य की दुकानों एवं ओपन मार्केट वाला सफेद केरोसिन तेल मिलना बंद हो गया।

ईरान, इजराइल, अमेरिका और खाड़ी देशों में भड़के युद्ध के कारण घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर मिलना मुस्किल हो गए है। वहीं होटल, ढाबों और चाय की दुकानों पर व्यवयायिक गैस सिलेंडर के स्थान पर एलपीजी गैस का जमकर उपयोग हो रहा है।



पिछले दिनों होटल, ढाबों पर घरेलु गैस का स्थानीय अधिकारियों द्वारा जमा किए गए। घरेलु गैस सिलेंडर की काला बाजारी नहीं रूक रही है। गिरोह सक्रिय बने हुए है। मौका और ग्राहक देख कर अधिक दाम वसूलने और संकट के समय अतिरिक्त कमाई का ज़रिया बन रहा है।

#### मिली भगत से गैस का व्यवसायिक उपयोग

होटल, ढाबों, चाय की दुकानों पर खाद्य सामग्री बनाने पूर्व में भी घरेलु गैस सिलेंडर का उपयोग होता था। व्यवसाय चालू रखने उपयोग किया जा रहा है। परन्तु युद्ध के कारण बनी किल्लत कमी के कारण चैकिंग हो रही है। चोरी छिपे या मिली भगत से एलपीजी गैस का व्यवसायिक उपयोग रोक पाना कठिन भी है। यदि पूर्व की भांति गरीबों, होटल वालों को केरोसिन तेल मिलने लगे तो किल्लत के इस दौर में केरोसिन तेल बड़ा सहारा बन सकता है।

### द्वारकाधीश मंदिर के पास की घटना

# मोड़ पर अनियंत्रित होकर कार मंदिर में घुसी, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

बीती देर रात एक तेज रफ्तार कार मोड़ पर अनियंत्रित होकर नगर के द्वारकाधीश मंदिर की दीवार में घुस गई। टक्कर से मंदिर का दरवाजा क्षतिग्रस्त हो गया, कार में ड्रायवर के पास बैठा युवक घायल हो गया।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बीती देर रात लगभग डेढ़ बजे अमित रघुवंशी और देव बैरागी बासौदा से कार एमपी 04 टीबी 4502 से भोपाल तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। तभी भोपाल विदिशा हाईवे स्थित सलामतपुर में अंधे मोड़ पर कार अनियंत्रित होकर द्वारकाधीश मंदिर की दीवार से टकरा गई। जिससे मंदिर की दीवार और गेट क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं कार चला रहे अमित रघुवंशी दुर्घटना में बाल बाल बच गए। लेकिन साथ बैठे देव बैरागी को सिर में चोटें आ गईं। वहीं कार भी आगे से क्षतिग्रस्त हो गई।

कार चालक और द्वारकाधीश मंदिर समिति के बीच आपसी रजामंदी से समझौता हो गया।

#### तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे कार में सवार युवक




### रघुवंशी समाज ने बैठक आयोजित कर लिया निर्णय

# अक्षय तृतीया पर रघुवंशी भवन (उदयपुरा) में निशुल्क होंगी शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर इस वर्ष अखिल भारतीय अखंड क्षत्रिय रघुवंशी परिषद द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन नहीं किया जाएगा। इसके स्थान पर समाज ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उदयपुरा स्थित रघुवंशी भवन को विवाह जोड़ों के लिए निशुल्क उपलब्ध कराने की घोषणा की है।

क्षत्रिय रघुवंशी समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजकुमार रघुवंशी ने बताया कि 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन रघुवंशी भवन में विवाह आयोजन पूर्णतः निशुल्क रहेगा। जिन परिवारों में विवाह योग्य बालक-बालिकाएं हैं, वे अपनी व्यवस्था से यहां विवाह संपन्न कर सकते हैं। समिति के अनुसार यदि विवाह करने वाले जोड़ों की संख्या अधिक होती है, तो सभी परिवार मिलकर सामूहिक भोजन की व्यवस्था करेंगे। साथ ही, परिस्थितियों के अनुसार समाज एवं समिति द्वारा आवश्यक सहयोग भी प्रदान किया जाएगा।



समाज के पदाधिकारियों ने विवाह करने वाले परिवारों से आग्रह किया है कि वे आयोजन के लिए कम से कम 15 दिन पूर्व समिति में पंजीयन अवश्य कराएं, ताकि व्यवस्थाएं सुचारु रूप से सुनिश्चित की जा सकें। रघुकुल भवन में बैठक, रघुवर सिंह पटेल व अशोक सिंह रघुवंशी को मिली जिम्मेदारी अखिल भारतीय अखंड क्षत्रिय रघुवंशी समाज की बैठक रघुकुल भवन में आयोजित की गई, जिसमें संगठन को मजबूत करने और आगामी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समाज के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष एडवोकेट रामेश्वर सिंह रघुवंशी ने प्रदेश पदाधिकारियों के निर्देशानुसार नई नियुक्तियों की घोषणा की। उन्होंने रघुवर सिंह रघुवंशी (पठा) को जिला कार्यकारी अध्यक्ष तथा अशोक सिंह रघुवंशी (पिपरिया) को सिलवानी ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया।

### श्रीराम कथा का आयोजन कल से

# 23 साल के बाद ग्राम अंबाडी में फिर होगा श्रीरामलीला मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम अंबाडी के श्रीगणेश चौक सदर बाजार में 23 साल बाद एक बार फिर भव्य रामलीला का मंचन होने जा रहा है। ग्रामवासियों के सहयोग से 19 से 28 मार्च तक प्रतिदिन शाम 8 बजे से रात्रि 12 बजे तक भव्य श्रीरामकथा एवं रामलीला का आयोजन किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, गणेश चौक सदर बाजार में करीब 23 वर्ष पहले रामलीला का मंचन हुआ करता था, लेकिन लंबे समय से यह परंपरा बंद थी। अब ग्रामवासियों ने एकजुट होकर इस धार्मिक परंपरा को फिर से प्रारंभ करने का निर्णय लिया है, जिससे पूरे गांव में उत्साह का माहौल है।

आयोजकों ने बताया कि 10 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों पर आधारित रामलीला का मंचन किया जाएगा, वहीं कथा वाचन के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म और संस्कृति का संदेश भी दिया जाएगा।

#### अंबाड़ी समेत आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में शामिल होंगे लोग



# खरमास शुरु, एक माह तक नहीं होगें विवाह और मांगलिक कार्य

### 19 से नवरात्रि प्रारंभ, भक्त नवरात्रि पर्व की तैयारियों में सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

14 मार्च के बाद खर मास शुरु हो जाने से विवाहों, मांगलिक कार्यो में विराम आ गया है। 19 मार्च से चैत्र की नवरात्रि का महापर्व शुरु हो रहा है। नगर क्षेत्र के देवी भक्त नवरात्रि पर्व मनाने पूजन, पाठ सामग्री खरीदने सक्रिय हो गए है। नगर के देवी दुर्गा मंदिरों में साफ-सफाई, दर्शन, पूजन, आरती की बेहतर व्यवस्थाओं के प्रयास हो रहे है।

क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि पर भक्तों द्वारा वृत, उपवास, कठोर साधना और ज्वारे रख, अखंड ज्योति जलाकर मनाये जाने की परंपरा है। नवरात्रि पर्व के 9 दिनों तक देवी भक्तों द्वारा अपनी शक्ति, सामर्थ के अनुसार कठोर उपवास रखे जाते है। और फलहार किया जाता है। पिछले कुछ दिनों से गर्मी और तेज धूप का प्रकोप बना हुआ है, जिसमें उपवास रखना कठिन होता है।



#### पूजन सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़

नवरात्रि पर्व में भक्तों द्वारा दुर्गा सप्तशती पाठ, विशेष अनुष्ठान किए जाते है। नवरात्रि के प्रथम दिन से ही हजारों श्रद्धालुओं द्वारा देवी मां को जल अर्पण कर दिन की शुरुआत करेंगे। भक्तों द्वारा मातारानी की विशेष पूजन में लगने वाली सामग्री की जमकर खरीददारी की जा रही है। कन्या शला रोड पर सामग्री बैचने दुकानें सज गई है। इसी के साथ फलाहारी सामग्री की विक्री बढ़ने के साथ फलों की मांग भी बढ़ना शुरु हो गई है।

### सांची विधायक और कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी, किया रवाना

# वनों को आग से बचाने निकाली जागरूकता बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

वन क्षेत्र के पास रहने वाले लोगों को गर्मी के दिनों में आग जैसी घटनाओं से वनों को बचाने और वनों के महत्व को समझाने के लिए मंगलवार को वन विभाग द्वारा वन अग्नि सुरक्षा जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली को विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी तथा कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने वन मंडल कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बाइक रैली में विधायक डॉ चौधरी, डीएफओ प्रतिभा शुक्ला सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए और वन संरक्षण एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान एसपी आशुतोष गुप्ता, डीएफओ प्रतिभा शुक्ला तथा वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।




#### वनों की रक्षा करना हम सभी का दायित्व

विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि गर्मी के दिनों में वनों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिन्हें रोकने में वन क्षेत्र के समीप रहने वाले लोगों की बड़ी भूमिका है। वन के आसपास सूखी घास को नहीं जलाना चाहिए और जलती हुई बीड़ी/सिगरेट नहीं फेंकना चाहिए। वन की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है।

#### पानी के लिए न भटकें वन्यजीव, इसके लिए तैयार किए 140 नए जलस्रोत

डीएफओ श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने बताया कि रायसेन वन विभाग ने गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ वनों को आग से बचाने और वन्य प्राणियों के लिए पानी की उपलब्धता करने व्यापक तैयारियां की हैं। विभाग ने आग से बचाव के लिए महुआ के पेड़ों के नीचे विशेष सफाई अभियान चलाया है। वहीं वन्यजीवों के लिए 140 नए कृत्रिम जल स्रोत (सौंसर) तैयार किए हैं। भीषण गर्मी में वन्य प्राणियों को पानी के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए वन मंडल की सभी 140 बीट में एक-एक सौंसर बनाया है। इन नए सौंसरों के अतिरिक्त, विभाग ने पहले से मौजूद 150 जल स्रोतों की भी सफाई कराई है। इसका उद्देश्य जंगल के भीतर ही जानवरों को पीने का पानी उपलब्ध कराना है। उन्होंने जानकारी दी कि जिन सौंसरों में पानी की कमी होगी, वहां टैंकरों के माध्यम से नियमित पानी भरवाया जाएगा। इससे जंगल के भीतर जल उपलब्धता बनी रहेगी और वन्य प्राणियों का मानव बस्तियों की ओर आने की संभावना भी कम होगी।

#### नरवाई जलाने पर प्रतिबंध, फिर भी जलाई तो होगी कानूनी कार्रवाई

कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी अरूण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार एएडीएम मनोज उपाध्याय द्वारा जिलेभर के खेत में खड़े गेहूं के डंठलों (नरवाई) में आग लगाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध आगामी दो माह तक जिले में प्रभावशील रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय होगा।